Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 22-03-2005

Participants : Goyal Shri Surendra Prakash

>

Title: Need to provide a special package for undertaking developmental work in Khoda-Makanpur colony in Hapur Parliamentary Constituency, U.P.- Laid.

श्री सुरेन्द्र प्रकाश गोयल (हापुड़) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र हापुड़-गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश एन.सी.आर के अंतर्गत आता है। गाजियाबाद जिला एक मेगा सिटी के नाम से विकसित हो रहा है। केन्द्र सरकार जहां बड़े नगरों के उत्थान के लिए केन्द्र निधि मुहैया करा रही है, वहीं मेरी भारत सरकार से मांग है कि गाजियाबाद जिले को भी विशो पैकेज सीवर, नाली, खडंजा, पेयजल विद्युतीकरण के लिए दिया जाये, विशे-ाकर खोड़ा मकनपुर कालोनी, जो दिल्ली से मात्र 6 किलोमीटर की दूरी पर है। यह कालोनी चारों तरफ से दिल्ली, नाएडा, ग्रेटर नोएडा, इंदिरापुरम जैसे बड़े संस्थानों, औद्योगिक शहरों एवं सोसायटियों से घिरी हुयी है। ऐसी स्थिति में इस कालोनी को विकसित करने हेतु केन्द्र निधि की अत्यंत आवश्यकता है।

मेरी भारत सरकार से मांग है कि गाजियाबाद जिले के महत्व को देखते हुए खोड़ा मकनपुर कालोनी के विकास के लिये केन्द्र सरकार से विशो पैकेज देने की व्यवस्था की जाये।